Abstract: The teaching of Hindi in a global world is facing considerable challenges in the modes of delivery. In Mauritius, Hindi has been taught through traditional pedagogies in the formal and non-formal way. The MGI (Mahatma Gandhi Institute) is incorporating innovative pedagogical teaching strategies in order to cater for learners globally. While both primary and secondary school educators are being trained in the creation of OERs (open educational resources) while adopting emerging techno-pedagogical strategies, the MGI is establishing online platforms like dedicated websites and CLMS (Content Learning Management Systems) such as Moodle to cater for the e-learning part of Hindi among other Oriental Languages. The teaching of languages digitally is in line with the Strategic Plan of the Ministry of Education so as to universalize education with the support of ICT (Information and Communication Technologies).

The object of the paper is to critically assess the implementation process of digitalization of teaching and learning of Hindi through the creation of OERs and to establish appropriate CLMS platforms in so doing though a case study methodology. It will further aim at assessing the current traditional mode of teaching by identifying the weaknesses and reinforce them through use of technology. The use of blogging and online/offline resources will also be evaluated.

The research methods will focus on training and empowerment of teaching staff to new technologies and to gather data of adaptability of these. Interviews, observations, peer reviews will add to vital sustainability of the paper. The learnability styles and their evaluations with a sample of learners will also be an integral part of the research methods to be used by the researcher. This paper will definitely be based on a qualitative and quantitative research methodology taking into account the usage of technology among learners and content creators and online facilitators as well.

Goswami, Krishan Kumar (Central Institute of Hindi, New Delhi, India)

आधुनिक भाषाविज्ञान और कंप्यूटरीकृत भाषाविज्ञान

Abstract: कंप्यूटरीकृत भाषाविज्ञान के अंतर्गत मशीनी अनुवाद, वाक् अभिज्ञान (speech recognition) और वाक् संश्लेषण (speech synthesis), स्वचालित सारांशीकरण, शब्द संसाधक, व्याकरण जांचक, ई-कोश, वर्तनी जांचक, पार्सिंग, टेगिंग, ओ सी आर, फान्ट-परिवर्तक, रूपपरक विश्लेषक (morphological analyser) आदि विभिन्न अनुप्रयोग-क्षेत्र हैं। मशीनी अनुवाद कंप्यूटरीकृत भाषाविज्ञान की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कंप्यूटर की भीतरी प्रणाली में दोनों भाषाओं के शब्द, मुहावरे, और व्याकरण-नियम फीड होते हैं। यह प्रणाली

मूल पाठ के डाटा को दूसरी भाषा में स्वचालित अनुवाद करती है और कुछ क्षणों में अनूदित पाठ निर्गम (input) के रूप में प्राप्त होता है। आंग्ल भारती, मंत्रा, मात्रा, अनुवादक आदि अंग्रेज़ी-हिन्दी मशीनी अनुवाद के साफ्ट-वेयर उपलब्ध हैं। इनके अतिरिक्त बंगला, उर्दू, पंजाबी, कन्नड, तेलुगू आदि भाषाओं में भी मशीनी अनुवादों का विकास हो गया है। वाक् अभिज्ञान में वाक् से पाठ अर्थात ध्वन्यात्मक तरंगों का शब्दों के रूप में उत्पादन होता है और वाक् संश्लेषण में पाठ से वाक् अर्थात पाठ के शब्दों का ध्वनि-तरंगों के रूप में उत्पादन होता है। हिन्दी में श्रुतलेख (dictation) और लिप्यंतरण (transliteration) के कई साफ्टवेयर विकसित हुए हैं। व्याकरण-जांचक में भाषा-शिक्षार्थियों, लेखकों, संपादकों आदि को भाषा-विशेष की अशुद्ध संरचनाओं का संकेत मिलता है। प्रकाशिक संप्रतीक अभिज्ञान (ओ सी आर) कंप्यूटर पाठ के प्रत्येक वर्ण को एक-एक कर पहचानता है और उन्हें वर्णों के रूप में सुरक्षित करता है फिर वह शब्दों को पहचान कर साथ में उनकी वर्तनी की भी जांच करता चलता है। भाषा शिक्षण के क्षेत्र में कई साफ्टवेयर विकसित हुए हैं जिनमें लीला (Learn Indian Languages through Artificial Intelligence) साफ़्यवेयर का विकास सी-डैक, पुणे द्वारा हुआ है। इस प्रकार कंप्यूटरीकृत भाषाविज्ञान उपभोक्ता-प्रधान विषय है जिससे सूचना प्रौद्योगिकी का क्षेत्र सुदृढ़ और सुगठित हुआ है।

Goswami, Krishan Kumar (Central Institute of Hindi, New Delhi, India)

अन्य भाषा शिक्षण और विदेशों में हिन्दी शिक्षण

Abstract: भाषावैज्ञानिक सिद्धांतों का अनुप्रयोग भाषाशिक्षण में सर्वाधिक होता है। भाषिक विश्लेषण करने और अधिगम प्रक्रिया को समझने के लिए भाषा शिक्षण में भाषाविज्ञान का अनुप्रयोग होता है। आज मातृभाषा शिक्षण और अन्य भाषा-शिक्षण के साथ-साथ शैक्षिक व्याकरण, शिक्षण सामग्री, तकनीक आदि सभी में भाषावैज्ञानिक सिद्धांतों के अनुप्रयोग की अनिवार्यता परिलक्षित होती है। इसी लिए कुछ विद्वान भाषाशिक्षण और अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान को सहधर्मी और पर्यायवाची बताते हैं।

अन्य भाषा शिक्षण में बोधन, पाठन, लेखन और भाषण चार कौशलों के शिक्षण की प्रक्रिया चलती है जबकि मातृभाषा शिक्षण अथवा प्रथम भाषा शिक्षण में पाठन और लेखन दो कौशलों का शिक्षण होता है। इस आधार पर भी मातृभाषा शिक्षण, द्वितीय भाषा शिक्षण और विदेशी भाषा शिक्षण में भिन्नता मिलती है। इसलिए भाषा शिक्षण कार्यक्रम के संदर्भ में भाषिक लक्ष्यों को और विशेष भाषा-वर्ग के लिए शिक्षण की आवश्यकताओं को ध्यान में रखना होगा।

Goulding, Gregory (University of California, Berkeley, USA)

Mixing Meters, Freeing Verse: A Consideration of the Poetics of Nirala and Gajanan Madhav Muktibodh

Abstract: My paper proposes, through examining the poetry of Suryakant Tripathi 'Nirala' (1896-1961), and Gajanan Madhav Muktibodh (1917-1964), to trace the emergence of free verse in modernist Hindi poetry, and through this process to illuminate the multilingual and diverse background of modern Hindi literature. Through the lens of form, my study will show how modernist poetry in Hindi was not produced through any simplistic borrowing from European modernist literature, but rather through a range of experiments by writers as well as through interactions with other South Asian languages and literary cultures. My study will begin by analyzing how the poet 'Nirala, ' crafted new metrical possibilities in Hindi in the 1920s through the use of non-quantitative, syllabic meters. In the process, I will consider the ways in which these meters were influenced by Bengali prosody, and the role of interlinguistic exchange in Hindi Chhayavad poetry, canonically considered a foundational moment in the development of modern Hindi poetry in the Khadi Boli register. I will then turn to a poet of post-Independence Hindi modernism, Gajanan Madhav Muktibodh, to examine how his innovations in free verse meters in Hindi developed through an engagement with both European modernist poetics as well as other Indian language literatures. I consider the formal innovations of these poets, therefore, by utilizing a methodology of formal analysis of meter. By considering the influence both of European modernist literatures along with Indian language literatures, while maintaining a sensitivity towards literary cultures within the Hindi speaking region such as Braj Bhasha poetry, folk literature in Khadi Boli Hindi, and the Sanskrit literary tradition, my paper opens new possibilities for understanding the genesis and nature of modern Hindi literature through attention to poetic form.

Goyanka, Kamal Kishor (Central Institute of Hindi, India)

प्रेमचन्द का अप्राप्य साहित्य – नवीन दिशाएँ

Abstract: हिन्दी में किसी एक लेखक पर शोध की कोई लंबी परंपरा नहीं है। तुलसीदास और प्रेमचन्द ऐसे लेखक हैं जिन पर सैकड़ों शोध-प्रबन्ध लिखे गये हैं, किन्तु अधिकांश आवृत्ति एवं पिष्टपेषण मात्र हैं। प्रेमचन्द पर मेरा शोध-प्रबन्ध 'प्रेमचन्द के उपन्यासों का शिल्प-विधान' था जो 1972 में दिल्ली विश्विद्यालय ने पीएच.डी. उपाधि के लिए स्वीकृत किया, लेकिन अन्य शोध-कर्मियों की तरह मैंने प्रेमचन्द पर शोध-कार्य बन्द नहीं किया। मैं उनके जीवन, साहित्य और विचार से संबंधित अप्राप्य एवं लुप्त सामग्री, दस्तावेज़ों, पत्रों आदि की खोज में लगा रहा। प्रेमचन्द के शताब्दी-वर्ष 1980- में 'प्रेमचन्द – विश्वकोश' के दो खंड प्रकाशित हुए जिनका लोकार्पण प्रेमचन्द के छोटे पुत्र अमृतराय ने किया। इस ग्रंथ ने कुछ ऐसे अज्ञात तथ्य उद्घाटित किये कि हिन्दी संसार में हल-चल हुई।

इन परिस्थितियों में भी मैंने अपना शोध-कार्य चालू रखा। प्रेमचन्द के जीवन से संबंधित अनेक मूल दस्तावेज़ मुझे मिले जिनसे उनके जीवन के अनेक अज्ञात तथ्यों की जानकारी मिली। इनमें से कई तथ्यों की अमृतराय ने प्रेमचन्द पर लिखी जीवनी में चर्चा नहीं की। इसी दौर में प्रेमचन्द पर लिखी जीवनी में चर्चा नहीं की। इसी दौर में प्रेमचन्द के अप्राप्य एवं अज्ञात साहित्य की खोज में लगभग 1200 पृष्ठों का ऐसा साहित्य मिला जिससे हिन्दी संसार अपरिचित था। यह खोजा गया साहित्य 'भारतीय ज्ञानपीठ', नई दिल्ली ने दो खंडों में 'प्रेमचन्द का अप्राप्य साहित्य' शार्षक से 1988 में प्रकाशित किया। संभवतः विश्व-साहित्य में यह पहली घटना थी जब सैकड़ों पृष्ठों का लुप्त साहित्य खोजा गया था। इसके बाद सौ पृष्ठों से अधिक ऐसा अज्ञात साहित्य और मिला है जो नये संस्करण में आ रहा है। विचार की दृष्टि से मैंने यह सिद्ध कर दिया है कि प्रेमचन्द मार्क्सवादी लेखक नहीं थे, वे वस्तुतः भारतीयता के कथाकार थे। प्रेमचन्द पर मेरा शोध-कार्य अभी चल रहा है। गो-दान का प्रथम संस्करण अभी प्रकाशित कराया है।

Gudkova, Ekaterina (Moscow State University, Russia)

Metaphorization of destruction verbs in Hindi

Abstract: This paper explores the metaphorization of destruction verbs in Hindi. The following verbs were selected for the study: kāTnā - kaTnā "to cut" - "to be cut", toRnā - TūTnā "to break" - "to be broken".
The paper aims to identify those components of basic lexical meaning which are lost as a result of metaphorization. In the analysis invariant distinctive features of the verbs wereexamined, such as nature of object and subject, type of instrument (blunt/sharp/quasi instrument), number of resulting parts and predictability.
Metaphors are grouped and subgrouped according to their meanings to make it easier to determine in what contexts the verbs being examined can replace each other.
Comparative analysis of the components of verbs kāTnā-kaTnā and toRnā - TūTnā suggests that the features that are distinctive in the basic lexical meanings are neutralized in metaphorization.
Verbs toRnā-TūTnā prototypically denote situations of separation of objects with an instrument, in which the number of resulting parts is unpredictable, whereas kāTnā-kaTnāmean either separation of some small part, or separation into two halves. Thus, a crucial role is played by just one parameter - the number of resulting parts.
Semantic structure also changes. In metaphors featuring these four verbs abstract nouns (such as "life", "time" etc.) appear that cannot be replaced by any physical object. In these contexts, an otherwise necessary component like "Instrument" disappears from the structure, but in the syntactic structure of the verb kaTnā in metaphors expressing pain the Cause of the situation may replace Instrument.

Gupta, Laksmi (Haryana, India)

भारत में हिंदी की स्थिति एवं भाषायी समरसता

Abstract: गुरूदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने अपने युग में हिंदी की बढ़ती साहित्यिक शक्ति को लक्ष्य कर उसके भावी विकास की स्वर्णिम संभावनाएँ व्यक्त की थीं। किन्तु भारत में वह शासन स्तर पर राष्ट्रभाषा घोषित नहीं हुई है। इच्छाशक्ति के अभाव और राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के कारण शासन स्तर पर राष्ट्रभाषा घोषित न होने पर भी वह प्रबुद्ध भारतीयों की दृष्टि में भारत की राष्ट्रभाषा ही है। हिंदी शताब्दियों से भारत की जन भाषा रही है। भारतवर्ष की राष्ट्रीय सीमाओं में हिंदी का विस्तार मुख्य रूप से हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश तथा बिहार तक दिखाई देता है। दक्खिनी हिंदी के रूप में वह कर्नाटक तथा आंध्र में व्यवहृत हो रही है। देश के विभिन्न अंचलों में प्रचलित हिंदी की अठारह प्रमुख बोलियाँ हिंदी के भौगौलिक विस्तार को प्रमाणित करती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश के अंदर सक्रिय हिंदी-विरोधी तत्व हिंदी को निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए छिन्न-भिन्न करने में सक्रिय हैं। हिंदी की समस्त बोलियों का समुच्चय 'हिंदी' है। इनसे अलग हिंदी का कोई अस्तित्व नहीं है। जिस प्रकार भारत के अस्तित्व के लिए उसके सभी प्रांतों राज्यों का संगठित रहना अत्यावश्यक है, उसी प्रकार हिंदी के अस्तित्व रक्षा के निमित्त, उसकी शक्ति एवं चिरजीविता हेतु उसकी बोलियों का संयुक्त रहना अनिवार्य है। विरोधभास है कि एक ओर हिंदी समूचे राष्ट्र सहित विश्व-परिसर में पैर पसार रही है और दूसरी ओर हिंदी भाषी क्षेत्रों में ही उसके अंग-भंग का कुचक्र शासन स्तर पर संवैधानिक वीथियों में जारी है। भारतीय जनगणना रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंदी के पास एक ऐसा शब्दकोश और अभिव्यक्ति की ऐसी सामर्थ्य है, जो अंग्रेजी से किसी भी प्रकार कम नहीं। राष्ट्र की उन्नति और प्रगति के लिए यह नितांत आवश्यक है कि संपूर्ण समाज में भाषा और भाव की एकता और सौहार्द स्थापित किया जाए। हिंदी की शब्द-संपदा लगभग सात लाख है। इसी से सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि भाषायी उदारता और समरसता की जीवंत शक्ति जितनी हिंदी में है उतनी किसी अन्य भाषा में नहीं, इसीलिए संपूर्ण विश्व में भारतीयों में सबसे अधिक बोली जानेवाली भाषा हिंदी है। विदेश शिक्षा-नीति से उत्पन्न घुटन और छटपटाहट को इसी भाषा ने वाणी दी है। स्वावलंबन का संदेश, साहस, चेतना, करूणा, सांस्कृतिक परंपराओं पर अभिमान, रणभूमि में शत्रुओं को परास्त करने की कसमें सब कुछ इसी भाषा ने संपन्न किया।

Gupta, Manoj (University of Delhi, Delhi, India)

Contemporary children's literature in Hindi

Abstract: Children's literature is being written in various Indian languages ie; Bengali, Gujrati, Marathi, Urdu etc. Since very beginning the children literature has been excluded from the main stream but now a days some of the leading children magazine bearing the responsibility of bringing those in the main stream of Literary world by publishing children literature even the creativity made by children themselves. Matter related to the children has been acknowledged by noted writers like Guljar to bring them in notice and thus the gap has been filled by the initiatives taken by leading magazines of that time which played not only vital role to give a proper shape in the field of mainstream literature but also it has become an independent section. The famous magazine like Balbharti, Nandan and Parag is pioneer of the children literature, which provides space for the young writers and always try to encourage them to come out with their feelings. The status of children literature is not up to the mark yet can be appraised but it is getting better position gradually. Bhopal based magazine Chakamak played an vital role to establish children's literature by publishing the concerned material of the children respectively. Children literature became more accecible after intervene of an non governmental organisation Eklavya in the current sphere of literary

Gupta, Shilpa (Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha, India)

Semantic analysis of Hindi Reduplicated Words (With reference to machine translation)

Abstract: Reduplication is a morphological word formation process in which some portion of a word is doubled. Types of reduplication word – Complete reduplication, Partial reduplication, Echo word etc. Complete reduplication refers to the phenomenon when a single word or clause is repeated once in the same sentence without any phonological or morphological variations. Partial reduplication refers to the paired construction in which the second word is not an exact repetition of the first but has some similarity or relationship to the first either on the semantic or phonetic level. Echo words refer to a situation where the second word in the paired construction does not have any meaning of its own. Sometimes two repeated words have an infix between them which change the phonological shape of the first morpheme. Example- chalte-chalte, agar magar, taal-mel, aam-vaam, kaam-vaam / saam, raatonraat etc. Its semantic meaning is its and but, adjustment, mangoes, work etc. When we translated the Hindi simple word then one word and two reduplicated words both word gives one meaning. The paper provides the description of reduplication words and its semantics sense and Analysis of Hindi reduplication words by doing English translation and what is the problem of reduplicated word for machine translation.

Hadke, Sumedh (Jawaharlal Nehru University, New Delhi, India)

सूचना प्रौद्योगिकी के युग में मशीनी अनुवाद तंत्रों की उपादेयता

Abstract: सूचना प्रौद्योगिकी के युग में भाषा की प्रगति में मशीनी अनुवाद का महत्वपूर्ण योगदान है। आज नवीनतम सूचना प्रौद्योगिकी के साथ मशीनी अनुवाद तंत्रों का प्रयोग विभिन्न उद्देश्यों और प्रयोजनों के लिए किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप विभिन्न भाषाओं के संपर्क सूत्र से सूचना क्रांति आ गयी है। वर्तमान समय में मशीनी अनुवाद तंत्र विभिन्न भाषाओं और विषयों (मनोंरजन् कृषि, राजनीति, विज्ञान और तकनीकी, पर्यटन, स्वास्थ, खेल-कूद, अर्थव्यवस्था और बैंकिग आदि) में अनुवाद कार्य कर भाषाओं को सूचना प्रौद्योगिकी और भाषा प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ रहे है। सूचना प्रौद्योगिकी ने लोगों में ज्ञान की गति और गुणवत्ता के प्रति जागरूकता भी निर्माण की है। नए दौर में सूचना प्रौद्योगिकी के प्रभावपूर्ण प्रचार और प्रसार के लिए विभिन्न संचार माध्यम: इंटरनेट, ऑनलाएन मल्टिमिडिया, विडियोफोन प्रणाली, ऑडियो कान्फेसिंग, फैक्स, ई-मेल सेवा, आदि का प्रयोग बहुत किया जा रहा हैं। जिससे भावी समाज का निर्माण 'ज्ञान पोषित समाज' (knowledge based society) में होगा जहाँ शिक्षित, प्रशिक्षित लोगों को अधिक लाभ होगा। इसके बहुआयामी रूप को देखते हुए जनसामान्य को जागरूकता, सूचना-संग्रहीता, प्रयोगधर्मिता आदि बहुसूचना प्रदान के विविध स्रोत उपलब्ध हुए हैं। जिसके माध्यम से मानव को सहायता हो रही है। इस शोध आलेख में उन सभी मशीनी अनुवाद तंत्रो का परिचय दिया जा रहा है जो विश्व और भारत में विभिन्न भाषाओं तथा विषय-क्षेत्रों में अनुवाद के लिए योगदान दे रहे हैं।

Hook, Peter Edwin (University of Virginia, USA)

The Hindi-Urdu compound verb: Earthquakes, births, and the (un)prepared mind

Abstract: In their unmonitored linguistic behavior speakers of Hindi-Urdu strongly prefer the non-compound forms भूकंप आया and मैं पैदा हुआ when reporting on these and other unforeseen and unforeseeable natural events:

1. तोक्यो में आज चार दिनों में तीसरी बार भूकंप आया। [khabar.ndtv.com/topic]
2. मैं भाग्यशाली हूँ कि मैं भारत में पैदा हुआ ... [hindi.oneindia.com]

However, the corresponding compound forms भूकंप आ गया and मैं पैदा हो गया do occur when the speaker or writer is reporting situations in which an actual earthquake has not occurred (3) or the earthquake is metaphorical (4) or when speakers as if awake in a prenatal state have pre-knowledge of their birth (5):

3. उन्हें डर है कि कहीं दोबारा भूकंप न आ जाए। [navbharattimes.indiatimes.com]
4. जब मैंने टिप्पणी की तो ऐसा बवाल मचा मानो देश में भूकंप आ गया हो [www.prabhatkhabar.com/news]

5. सभी कहते हैं मेरी इच्छा थी इसलिए मैं पैदा हो गया। [p. 42 of Sunil Gangopadhyaya's saptama abhiyāna as translated into Hindi-Urdu by Surendra Tivari]
I use quantitative evidence from online sources to demonstrate this contrast in the use of compound versus non-compound verbs in referring to imagined versus real natural events and interpret that contrast as reflecting the conscious reception of information by the prepared mind as opposed to the sudden reception of new information by the unprepared mind. [See Elena Bashir's 1993 paper for these terms.] This contrast is robust in Hindi-Urdu, absent in Marathi, and subverted by a different contrast in the Western Punjab.
https://www.academia.edu/19633862/Causal_chains_and_compound_verbs.

Ilieva, Gabriela Nik. (Clinical Professor, New York University, USA)
Curricular opportunities in the digital age for professional purposes
Abstract: This presentation outlines several factors which have triggered certain shifts in curricular development in higher institutions in the US, such as the new status of the South Asian Languages and specifically the Hindi language in the U.S., as well as the multilingualism movement in the context of globalized economies, globalized news and entertainment, globalized communication, and real and virtual tourism. Designing real world applications, considering all subjects in a global context and meeting the specific personal and professional goals of the students, including differentiation between Foreign Language and Heritage Language Learners, have been some of the main curricular objectives supported by new technologies. The proposed presentation discusses key components of student-centered approaches to learning that lead to deeper learning outcomes and to engaging each student in acquiring the skills, knowledge, and expertise needed for success in college, career, and civic life. In particular, it focuses on and provides examples of Project-Based Learning (PBL) of Hindi for professional purposes at New York University and Kean University, a model based on real world contexts, contemporary learning environments and multi-pronged feedback. The scope of the discussion is on how student-centered approaches to Hindi learning are implemented, what the nature of teaching in student-centered learning environments is and how advances in technology are used to customize curriculum and diversify modes of learning to meet the needs of each student.

Ishtiaque, Ahmed & Narges, Jaberinasab (Jawaharlal Nehru University, New Delhi, India & Islamic Azad University-South Tehran Branch, Tehran, Iran)
Persian and Hindi Languages: A Study of Mutual Influences in Linguistic Perspective
Abstract: Since the earliest times human beings have shared different communicative relationships with each other and as a result of that their languages have evolved and changed constantly. Words and vocabularies have moved from one language to another in the discourse of communications. In this way, language and culture has become deeper and broader and to the extent that new languages have been created. During these years, with the blending, combination, intercourse, fusion, association and converse of Persian, Arabic, Turkish and Mongolian by the local languages of the subcontinent, Urdu emerged and became widespread with the passage of time. Urdu as a language has been closely associated with Hindavi/Hindustani in terms of its usages and application. It can be said that all languages have taken some kind of influence from one another. Many Persian words with their form and shape and original meaning entered into Hindi language and were used in the 'same form and shape and meaning', however on the other hand some Persian words with their original form and shape entered into Hindi language but are used in 'different meanings' in the Hindi language. Indian Linguistics are of the view that traces of Persian influence are rapidly disappearing from Hindi and thus a thorough evaluation is urgently required to maintain the literary relation Persian-Hindi have developed over the years. The history of Persian elements is over 800 years. It is important to trace those elements in the changing milieu of literary interaction and influences. Undoubtedly, Persian elements have found their way into Hindi language and literature in the strong literary environment in India. Mughal glory was, of course, the golden age of Hindi literature and some of the Muslim poets excelled many a Hindu poet in the variety and quality of their works. Urdu flourished at the decadent Darbars of Delhi and Lucknow, while Hindi marched ahead among the common people. Persian influence on Hindi was normal and unforced. It however, continued growing gradually. It is a commonplace fact of philology that the Iranian language was a sister of the Old Indo-Aryan. The linguistic affinities between the Rigveda and the Zendavesta have clearly indicated that the two languages came of a common stock. India and Persia have been neighbours and have had close cultural connections since times immemorial. Long-term cooperation between the two nations grew in the literary field where Indian culture and tradition had been instrumental all along Hindi language and literature. As a result of these long lasting relations, the influence of these two on each other developed Perso-Hindi elements in promoting a new set of literature with deep impact of Indian philosophy available in Hindi language in the great nation called India. Finally, Persian poetry in India appeared with new diversity and identity on Indian soil. During this period Hindi and Persian vocabularies made distinctive appearances and enriched one another forever. In this joint paper, efforts shall be made to evaluate how Persian and Hindi languages have mutually influenced one another in terms of usages, applications and meanings to the extent of creating a new set of literature with innovative perspective in India and Iran successfully. New researches based on historical evidence are necessary to consolidate mutual influence of Persian and Hindi languages with Iranian and Indian links throughout different historical periods.

Jadeja, Dipendrasinh (Maharaja Sayajirao University of Baroda, India)

आधुनिक हिंदी कविता और धर्म-भावना

Abstract: प्रस्तुत प्रपत्र के द्वारा यह स्पष्ट करना चाहता हूँ कि आधुनिक हिंदी साहित्य में धर्म को विभिन्न रूपों में व्यक्त किया गया है। इस विषय को मैंने 'आधुनिक हिंदी कविता और धर्म-भावना' शीर्षक से लिखने का प्रयास किया है। आधुनिक हिंदी कविता के प्रारम्भिक दौर में इस विषय को लेकर सक्रिय रूप से लिखने वाले कवियों में प्रमुख हैं– मैथिलीशरण गुप्त। जिन्होंने अपनी काव्य-रचनाओं में भारत में आचरण में लाये जाने वाले लगभग सभी धर्मों का समावेश किया हैं। उन धर्मों के महान विवेचकों के विषय में विस्तार से लिखा है। वैसे देखा जाए तो मैथिलीशरण गुप्त के अतिरिक्त आधुनिक हिंदी काव्य के कवियों में सूर्यकांत त्रिपाठी'निराला', रामधारीसिंह दिनकर, सच्चिदानंद हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय', हरिवंशराय बच्चन, नरेश महेता, डॉ. जगदीश गुप्त आदि अनेक कवियों ने भी अपने काव्य में धर्म-भावना की विवेचना अपने-अपने ढंग से की है। उनके काव्यों में वर्णित धर्म-भावना का मूल्यांकन भी प्रस्तुत प्रपत्र में किया गया है। प्रपत्र में वर्णित मुख्य अंशों में गुप्तजी के वैष्णव परम्परा से सम्बंधित रामायण और महाभारत पर आधारित प्रबंध-काव्य तथा बौद्ध शाक्त, सिक्ख, जैन, मुस्लिम परंपरा से संबंधित काव्यों की धर्म-भावना को आधार बनाया गया है। इस शोध-पत्र का महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि इसमें व्यक्ति के नैतिक तथा आध्यात्मिक उत्थान की दृष्टि से धर्म-भावना का विवेचन किया गया है। यही हमारा उद्देश्य इस प्रपत्र के माध्यम से रहा है।

Janjić, Marijana (University of Zagreb, Croatia)

Hindi in the LokSabha: English parts, Hindi products

Abstract: The presence of English in the subcontinent for more than a century has left its imprint on languages already present there. Hindi, as well as other languages, has felt that impact. A number of scholars have done research on this impact.The paper will present sample of a research on Hindi in parliamentary debates of LokSabha. The research covered several decades and tried to answer question of English impact on Hindi. The findings thus generally raise the question of language behavior: who speaks Hindi, why, how and when. The beginning overview of collected material showed very clearly that Hindi became more present in the parliamentary debates over the course of years and decades, and the research focused on both linguistic and socio-linguistic characteristics of Hindi spoken in the LokSabha, with the emphasis on English elements in the discourse.

The main topic of the paper will be an analysis of English elements in Hindi predicates. The research data shows that in Hindi predicates found in the LokSabha one can find English nouns, English adjectives and English verbs. The paper will analyze their characteristics in order to better understand the techniques used by Hindi speakers in code-mixed speech to insert non-Hindi elements. The socio-linguistic characteristics of speakers leave open space for the discussion on socio-linguistic reasons for English elements in Hindi speech and their implication for language policy.

Jha, Krishna Kumar (Mahatma Gandhi Institute, University of Mauritius, Moka, Mauritius)

मॉरिशस में हिन्दी साहित्य-शिक्षण की दशा एवं दिशाएँ

Abstract: भारतीय भाषाओं की शब्द – सरस्वती भारतीय संस्कृति की स्त्रोतस्विनी का मूल है। इस दृष्टि से हिंदी साहित्य अन्य भारतीय साहित्य से भिन्न नहीं है – सब की मूल सांस्कृतिक धारा एक है। इसलिए समस्त भारतीय भाषाओं का समवेत वीणा-निनाद हिंदी भाषा के संगीत द्वारा मॉरिशस में गूँज रहा है, क्योंकि यहाँ हिंदी की व्यापकता अन्य भाषाओं से अधिक है। मॉरिशस में बैठका संस्कृति से पल्लवित-पुष्पित हिंदी भाषा देश के प्राथमिक, माध्यमिक एवं विश्वविद्यालय स्तर तक पहुँच गयी है। सांस्कृतिक अस्मिता की दृष्टि से मॉरिशस में भारतीय अप्रवासियों के लिए हिंदी भाषा विशेष महत्व रखता है। भाषा और साहित्य के अध्ययन की दृष्टि से यहाँ सभी भाषाएँ द्वितीय भाषा के रूप में ही पढ़ाई जाती है लेकिन यहाँ हिंदी की महत्तर स्थिति फ्रेंच और अंग्रेजी के पश्चात् आती है। हाल ही में यहाँ के लोगों की मातृभाषा "क्रियोल" को भाषा-शिक्षण का विषय बनाया गया है। ऐसे में द्वितीय भाषा-शिक्षण के रूप में पढ़ाई जाने वाली हिंदी भाषा जहाँ शुरू से कई समस्याओं का सामना कर रही थी, अब उसे क्रियोल के रूप में मातृभाषा-शिक्षण की अन्य चुनौतियों के लिए भी तैयार होने की आवश्यकता है। ऐसे में हिंदी भाषा साहित्य-शिक्षण के लिए पाठ्यक्रम, साहित्य-शिक्षण का वास्तविक स्वरुप, साहित्य-शिक्षण को प्रभावित करने वाले तत्वों का ज्ञान, आधुनिक तकनीक के रूप में साहित्य-शिक्षण में नवीन प्रयोग की आवश्यकता एवं अन्य पाठ्यक्रमेत्तर क्रियाओं की विशेष उपलब्धता पर भी अनिवार्य रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है।

मेरा प्रस्तुत विषय"मॉरिशस में हिंदी साहित्य–शिक्षण की दशा एवं दिशाएँ" मॉरिशस में साहित्य-शिक्षण संबंधी स्थिति-परिस्थितियों के विश्लेषण, उसके नित्य नवीनीकरण एवं उनके सुधारात्मक उपायों पर विचार प्रकट करने के साथ ही भविष्य की अनंत संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए मॉरिशस में हिंदी-साहित्य का अध्ययन-अध्यापन किस रूप में किया जाये जिससे प्रमुखता के साथ प्रयोग होने वाली फ्रेंच और अंग्रेजी की तरह हिंदी भाषा की उपादेयता भी यहाँ सुदृढ़ता से स्थापित की जा सके।

Jha, Krishna Kumar (Mahatma Gandhi Institute, University of Mauritius, Moka, Mauritius)

मॉरिशस के स्वतंत्रता-आन्दोलन में हिंदी पत्र-पत्रिकाओं का योगदान

Abstract: The role of Hindi Journalism in the freedom movement of Mauritius

The origin and development of Hindi Journalism in Mauritius is linked with the heart rendering suffering of Indian immigrants. Some 181 years back when ancestors were brought here forcefully and lured by false promises, nobody, at that time, knew that one day these immigrants will shape the history of Mauritius. The struggle undertaken by the Indian immigrants for the freedom of Mauritius was along one. It was imperative for them, at the same time, to preserve their religion, culture, philosophy and way of life. Hence the Hindi language was the vehicle to attain this aim. Consequently, they started the publication of newspapers in the Hindi languages. Through journalism the Indian immigrants succeeded in preserving the Hindi language, the Indian culture and in restoring unity among themselves. These papers helped enormously in spreading the language and culture far and wide Freedom of expression is the primary condition for the struggle for the independence of a country and for the preservation of national unity. Whether it is for the French revolution or for the freedom fight for India, it is a fact that writers, thinkers, journalists and literary persons have played an important role. The role of journalism cannot be denied as far as awakening of patriotic feelings and infusing enthusiasm in the hearts of disappointed citizens is concerned. In spite of all odds and limited means, Mauritian journalists, through their dedications have been able to give a new and dynamic dimension to journalism. The history of journalism of that time is in fact the history of national freedom movement.

Being related to social life, journalism has got its foremost importance. A glimpse to the Mauritian history proves that Hindi journalism had got an important role in motivating the common Indian people and bearing this in mind, it becomes compulsory to preserve Hindi journalism from gradual disappearance. Due to time and circumstances there have been changes in the forms of journalism but yet, it plays an effective democratic means of expression. Mauritius as well has got golden history of Hindi journalism before independence, but today its situation is discouraging. The proposed topic will definitely provide a way to determine the importance of Hindi journalism in Mauritius.

Kakoti, Madri (Jawaharlal Nehru University, India)

A Study of Acoustic Space of Heritage, Non-Heritage Learners and Native Speakers of Hindi

Abstract: The present study examines the acoustic space of vowels as used by heritage learners of the Hindi Language, the non-heritage learners of Hindi compared to the native speaker. It is a descriptive study with aims to develop some kind of diagnostic/assessment table for pronunciation proficiency in Hindi language learners.

The study shows how relative positioning of vowels in vowel space is more important and useful a marker for an individual speaker or a language, and how this information can be potentially useful for pedagogical purposes.

Studies on Acoustic Space show how the formant frequencies help objectively define the vowel space in a language. Mapping of acoustic space is useful for the purpose of comparing languages and individual speakers. This is an empirical study based on the data collected from heritage, non-heritage learners of Hindi language and native speakers of Hindi. Examining the spectral characteristics the author also works on the hypothesis that aiming to achieve a particular formant frequency and thus a corresponding acoustic space during language learning may be a good learning strategy for Hindi as second language learners in accent and pronunciation training.

For this study, 5 heritage speakers each from the Elementary, Intermediate and Advanced levels of Hindi (according to proficiency tests), and 2 non-heritage soeakers in New York University were asked to pronounce words containing all the vowel phonemes of Hindi in the medial position. 750 words from the heritage speakers and 20 words from the non-heritage intermediate level were recorded. The acoustic spaces of the vowels were measured using PRAAT and compared to the averages of vowel space of a native speaker. For analysis, the readings of F1, F2 and F2-F1 were plotted to give a better idea of the acoustic space of vowels as pronounced by speakers of all the levels.

Kameswari, Chunduri (Bhavan's Vivekananda College, Secunderabad, India)

Hindi – a true link to literature and society

Abstract: The Indian literature, epitome of the Indian culture is note worthy. The Vedas, Vedangas, Upanishads, Brahmana granthas, Bhagavadgita, Ramayana, Mahabharata are our eternal wealth. The Indian literature exists in its very form from the time immemorial. The Indian civilization is ancient and since then the very culture exists. The Indian culture and civilization are unique in nature. They are interrelated. To live a happy life and to know how to live is an art. This art can be pursued from the great books and epics available in Indian literature.

Man is a social animal. To fulfill his duties, day to day requirements he depends on the society. He maintains a good relationship with his neighbors. Learning is a continuous process. A child after gaining consciousness keeps observing his family members and tries to imitate them. From cradle to grave he tries balancing while performing his deeds. The different characters in our Indian epics teach us the lessons of management, time management, planning, selecting an individual in executing the task, discipline, respect towards elders, affection towards the peer group and love towards the younger generation.

Hindi is the official language of India and second largest language spoken world wide. This language exists with aesthetic beauty. Easy grammar and sentence structure makes people crave for it. Literature in Hindi language is found in abundance. Many texts are translated into Hindi to facilitate people who enjoy reading. To build a healthy society we need to take the help of the lessons taught by our fore fathers, great teachers, saints and scholars with modern technical

techniques. The fun filled, enthusiastic, interactive, attractive and comic way of presentation will create interest to the modern generation.

Kaul, Vijay & Zahoor, Asiya (Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya Wardha, India)

An Alternative Approach for Teaching Hindi Structures to Foreign Learner Groups

Abstract: We suggest the importance of an awareness of grammar issues for a teacher, who teaches Hindi as a foreign language. This awareness should not be transfer to learners as issues but while teaching Hindi structures. However, we don't support teaching of terminology and label bound Hindi grammar.

Learning centered grammar teaching would be interesting and meaningful and requires active participation of the learners. Normally a learner during conversation doesn't notice the grammar of the sentence but instead catches whole sentence as a chunk of these languages are also on the fringes of grammar. these chunks are used as a whole for some time, but is also always available to b broken down and parts of structure chunks re used re combining of previously leaned chunks of language is a process of grammar construction and appear to b quite useful and parte of foreign language structure learning

Introducing the structure chunks can begin with a vocabulary item like Hindi बड़ा / baDaa 'big/large'; गरम / garam 'hot/warm'; छोटा /chhoTaa 'small (in size/age)'; दूर /duur 'far awy/off, at a distance' etc. which can take a degree prefix like बहुत/ bahut 'very/much/more' (थोडा /thoDaa, छोटा /chhoTaa) etc this might give rise the structure awareness where the meaning has specific role to play. This way the socio cultural context of Hindi or for that matter any foreign language can be included in the chunks of structures. It will as a consequence strongly influence what actually happens in class room.

This paper advocates an alternative approach towards the grammar teaching with (focusing on form) it also suggests that grammar learning evolves through learning of chunks of language. Grammar should be taught without technical labels like adjective adverbs etc.

Khokhlova, Liudmila (Institute of Asian and African Studies, Moscow State University, Russia)

Syntax of Hindi poetry

Abstract: It will be shown in my talk that the main syntactic rules of word order and of NP's controlling properties described for prosaic texts are usually violated in poetry.

I. The word order of grammatical functions like subjects and objects is mostly free in Hindi (Mohanan 1994), (Butt 1995). Scrambling possibilities used for topic-focus change have been described by C. Masica (2007), Annie Montaut (2004) etc. According to T. Mohanan (Mohanan 1990: 202) scrambling possibilities in Hindi are restricted to direct daughters of S. However, many restrictions on scrambling described by T. Mohanan and M. Butt (1995) do not exist in Hindi poetry:

1) Scrambling of parts of a noun phrase is not allowed in prose: the only possibility to separate a genitive modifier of a noun phrase from its head is to put this modifier clause initially (in case of topicalization). In poetry the separation of parts of NP does not obligatorily imply the initial position.

2) In prose, but not in poetry the constituents of a compound verbal predicate cannot be scrambled among one another.

3) Prose, but not poetry, prohibits separating the negation from the verb.

II. Controlling properties of NPs in poetical texts are yet to be investigated. Here it will be shown that in poetry, but not in prose, conjunctive participle may be controlled by NP modifying the subject expressed by inanimate noun.

There are some crucial question to be answered at the next stage of investigation:

1) Are there universal syntactic rules valid both for prose and poetry?

2) Do there exist syntactic restrictions in poetical text composition and if so what are those restrictions?

3) What features of poetical language make listeners evaluate violations in codified prose syntax as 'normal' and even 'good'?

Kidwai, Ayesha (Jawaharlal Nehru University, New Delhi; India)

On the Core Hindi/Urdu Case markers

Abstract: In this talk, I examine the grammatical status of the Hindi/Urdu Case-markers – the ergative (-ne), the dative/accusative –ko and the sociative/instrumental/ablative –se. Commonly analysed as involving the assignment of a configurational Case that is either structural or inherent in nature. It also commonly assumed that each of these Case-markers form a constituent with their associated noun phrases at the base. In other words, it is assumed that these Case-markers are essentially inflectional in nature.

From both Hindi/Urdu traditional grammar (Guru 19modern descriptive linguistics (Kelkar 1988) it has been pointed out that these Case-markers do not have the status of inflectional particles and have a more adpositional character, as a number of topic and focus particles may intervene in between the noun phrase and these Case-markers. Properly characterised as phrasal clitics and not properties of the nominal head of the noun phrase (as Case traditionally is), it is then questionable as to whether these Case-markers should be treated as as the equivalents of lexical Case. When this dubious analytical move is seen in the light of the observation (by Miriam Butt and her colleagues in a series of presentations) that many of these Case-markers also have spatial and temporal uses (e.g., raam bhar-se guzraa 'Ram

passed through/via the house; mEN raat-ko aayaa 'I came home at night'), it becomes increasingly difficult to argue these Case-markers to be anything but adpositional in nature.
In this talk, I visit the arguments as well as the impediments to building an adpositional account of these Case-markers, but only after making a fundamental classification of them into two types: the ergative marker versus the others. I shall argue that Case-markers are not merged with their noun phrases but rather that their constituency with the noun phrase is built in the syntax, by the means of the attraction of the noun phrase into the domain of the adposition.
Guru, Kamta Prasad 1920. Hindi vya :karan. Kashi: Lakshmi. Narayan Press.
Kelkar, Ashok R. 1968 Studies in Hindi-Urdu: Introduction and word phonology. Poona: Deccan College

Kohli, Narendar (Hindi writer, New Delhi) ←

सृजन संसार ←

Abstract: संस्कृ त का काव्य)शास्त्र□ मानता है कि सृजन का हेतुप्रतिभा' है। यह प्रतिभा 'ईश्व,र प्रदत्त' चंचल ऊर्जा है, जो सृजन किए बिना संतुष्ट नहीं रह सकती। यह लेखक में जन्मयजात होती है। किंतु सामान्य -जन ही क्याa हमारे बड़े-बड़े समाचारपत्रों और टी. वी. के चैनलों के प्रतिनिधि पत्रकार, लेखक से पूछते हैं कि आपको लिखने की प्रेरणा किस व्यमक्ति अथवा किस घटना से मिली? वह यही मानता है कि लेखक किसी व्यिक्ति या घटना से प्रभावित होकर ही लिखता है। प्रश्नेकर्ता साहित्यकार नहीं बन पाया क्योंकि उसके जीवन में ऐसी कोई घटना नहीं घटी अथवा उनको वैसा कोई व्येक्ति नहीं मिला, जिसके आशीर्वाद से वे साहित्य कार बन सकता। उसका यह दृष्टिकोण सृजन के रहस्यघमय संसार से अनभिज्ञ होने के कारण है।

मैं अपनी स्मृमति और अन्य लेखकों की जीवनियों में झाँक कर देखता हूं तो मुझे ऐसा कुछ नहीं लगता। जिस प्रकार एक बच्चाण घर, गोंली में अथवा मैदान में बिना किसी कारण अथवा बिना किसी उपलब्धि की आशा के सहज भाव से खेलता रहता है, वैसे ही साहित्यपकार लिखता है। उसके भीतर की ऊर्जा उसे उद्वेलित करती है, और सृजन होता है। उस समय तक वह साहित्य अथवा तत्संरबंधी समस्याओं और जटिलताओं को नहीं जानता किंतु उसके मन में एक अनाम इच्छाध होती है कि वह लिखना है।

लेखन के क्षेत्र में उसका अगला पग अपनी विधा चुनने का होता है। यहीं से उसका मानसिक संसार महत्व पूर्ण होने लगता है। जिसे कई बार लेखक स्वकयं भी नहीं पहचानता। प्रतिभा तो सारे कलाकारों और साहित्यसकारों में होती है किंतु विशिष्टसके लिए उसे अपने व्य क्तित्वग को खंगालना पड़ता है। वह गद्यकार है या पद्यकार। वह कथाकार है अथवा निबंधकार। एक गलत विधा चुन कर वह अपने साहित्यिक जीवन को नष्ट कर सकता है। उसका स्वयभाव यदि कवि का नहीं है तो वह कविता नहीं लिख पाएगा,चाहे मंचों से कितने भी पुरस्कावर क्योंत न बटोर ले। यदि वह कथाकार नहीं है तो कितने भी कागज़ काले कर ले, उपन्यावसकार नहीं बन पाएगा।

कई बार पाठक और पत्रकार प्रश्नै पूछते हैं कि आप उपन्या सों के साथ और वह भी विशेष कर पौराणिक उपन्या सों के साथ व्यंाग्य् कैसे लिखते हैं? उन्हेंश समझाना पड़ता है कि प्रतिभा बहुमुखी भी हो सकती है। रवीन्द्रषनाथ ठाकुर और जयशंकर प्रसाद ने अनेक विधाओं में सफलतापूर्वक लिखा है। पाठक रुष्टत भी हो जाता है "आप अपने आप को रवीन्द्रनाथ ठाकुर समझते हैं या जयशंकर प्रसाद?" उनसे मेरी तुलना नहीं है। यह उदाहरण मात्र है। मैं उन दोनों के सम्मुख नतमस्तेक हूं; किंतु साथ ही उस प्रभु के सम्मुंख भी नतमस्तसक हूंजिसने लेखकों के लिए ऐसा कोई नियम नहीं बनाया है कि वे एक ही विधा में लिखेंगे।

विधाओं और पात्रों के चुनाव के विषय में कई बार प्रश्न होते हैं तो मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि आवश्यसक नहीं कि लेखक अपने पात्रों को चुने, कभी-कभी पात्र भी लेखक को चुन लेते हैं। वस्तुनत: जिस प्रकार पाठक लेखक के मन को नहीं जानता,लेखक भी अपने मानसिक संसार को नहीं जानता। वह उसके अपने सामने भी धीरे-धीरे खुलता है। अनेक मित्रों ने अपनी सद्भावना में कई बार परामर्श दिया है कि मैं अधिक से अधिक विदेश भ्रमण करूं। कारण? उससे लेखन की सामग्री मिलती है। वे गलत नहीं कहते; किंतु यदि मैं यह अनुभव करूं कि बाहर की वह सामग्री मेरे मन को प्रतिबिंबित नहीं करती, मेरा मन उस सामग्री पर नहीं रीझता और वह उसे लिखने के लिए व्या कुल नहीं होता। बाज़ार में सहस्रों वस्तुपएं हैं किंतु मैं उन्हें नहीं खरीदता। स्परष्ट है कि मेरे अपने मन में लिखने की जो सामग्री है,मुझे उसकी रक्षा करनी है। बाहरी यात्राएं, बाहरी घटनाएं, अनेक प्रकार की बाहरी चर्चाएं और प्रवित्तियां मेरे मन की उस सामग्री पर आघात कर उसे नष्ट करती हैं। मुझे उस सामग्री को बाहरी आक्रमणों से बचाना है। उसकी रक्षा करनी है।

मेरा मन मानता है कि कर्म का फल मिलता है। मेरे अनेक मित्र मानते हैं कि यह एक धार्मिक अंधविश्वा स है। वैसे तो स्पउष्ट ही है कि यात्रा न की होती तो हम पेरिस न आए होते। लिखने का श्रम न किया होता तो यह निबंध तैयार न हुआ होता। यह कर्म का फल ही तो है। किंतु लोग अपनी आंखों के सामने घटित इन घटनाओं के लिए वैज्ञानिक प्रमाण मांगते हैं। तो न्यू टन को बीच में लाना पड़ता है। प्रत्येघक क्रिया की विपरीत और समकक्ष प्रतिक्रिया होती है। मेरा एक छात्र दिनेश कपूर कहता है कि कर्म के फल को वह वैज्ञानिक सिद्धांत तब माने, जब वह किसी की सहायता करता है तो वह व्यीक्ति भी उसकी सहायता करे, किंतु संसार में ऐसा होता नहीं है। वह सत्य ही कहता है। लोग उधार लेकर लौटाना भूल जाते हैं। भलाई का उत्तर बुराई से देते हैं। मैं उसे स्म रण कराता हूं कि यदि गेंद में पूरी हवा भरी हो और दीवार ठोस हो तो दीवार पर गेंद मारने पर वह लौट कर आती है। यह वैज्ञानिक सिद्धांत है। किंतु उसी गेंद को रेत के ढेर में मारा जाए तो गेंद लौटती नहीं है। और यदि उसी गेंद को कीचड़ में मारा जाए तो गेंद तो लौटती ही नहीं है, कीचड़ के छींटे हम पर पड़ते हैं और हमें मलिन कर देते

हैं। भगवान ने मनुष्यग एक ऐसा प्राणी बनाया हैजिस में ठोस दीवार भी है, रेत का ढेर भी है और कीचड़ का समूह भी है। तो एक ही क्रिया की अनेक प्रतिक्रियाएं होती हैं। यह गीता का कर्म सिद्धांत है और इस विचार ने मुझ से 'अभिज्ञान' नामक उपन्यामस लिखवा दिया था।

कई मित्र पूछते हैं कि मैंने अपनी उपन्यायस शृंखलाओं के लिए पुराण पुरुषों को ही क्योंी चुना। क्या ,कोरा मन ठोस दीवार को ही चुनता है। वे सारे पात्र अपने स्वा र्थ के लिए नहीं मानवता के लिए जीवित रहते हैं। आकाशवाणी की एक महिला प्रड्यूसर ने पूछा, " कोहली साहब, आप दिल्लीव में रहते हैं।"जी।"

"दिल्लीत में इतनी राजनीति है और आप कहां पुराणों में घुसे बैठे हैं।

मैंने तत्काीलीन प्रधान मंत्री का नाम लेकर पूछा कि उनके दरबार और धृतराष्ट्र□ के दरबार में उन्हें कोई अंतर दिखाई देता? दोनों ही मोह में अंधे हैं।" धृतराष्ट्री ने अपने राजनीतिक परामर्शदाता कुणीक से पूछा था कि उसकी नीति क्या हो? कुणीक ने कहा, " जिस व्यीक्ति से तुम्हें□ तनिक सी भी आशंका हो कि वह तुम्हारा राज्ये छीन लेगा, उसका वध कर दो।" परिणामत: धृतराष्ट ने पांडवों को वारणावत भेज कर लाक्षागृह में जला डाला। आज की राजनीति में भी राजनीतिक हत्याीएं प्राय: देखी जाती हैं। नेताजी सुभाषचंद्र बोस,लालबहादुर शास्त्री□, श्यामप्रसाद मुखर्जी तथा ऐसे ही अनेक नाम हैंजिन की हत्या: हमारी आंखों के सामने हुई है और हत्याहरों का कभी नाम भी नहीं लिया गया। कदाचित रक्तपपात के बिना राजनीति संभव ही नहीं है।

आज ही समाचारपत्र में पढ़ा कि एक बलोच नेता ने कहा है कि पाकिस्तालन में बलोच बुद्धिजीवियों को योजनाबद्ध रूप से मारा जा रहा है। मुझे स्मारण हो आया कि1971 में ऐसे ही समाचार बांगलादेश से आए थे। उनको मारने का प्रयोजन एक ही था कि वे अपने पिछड़े हुए समाज को बौद्धिक नेतृत्वआ न दे सकें। तब पहली बार मेरी समझ में आया था कि रावण के अनुयायी राक्षस,ऋषियों को क्योंह मारते थे। ऋषि भी तो उस समय के बुद्धिजीवी ही थे। वे पिछड़े समाज को बौद्धिक नेतृत्वय दे रहे थे। वे ऐसा न कर सकेंइसलिए उनकी हत्याय की जा रही थी। तभी शरभंग के आश्रम में ऋषियों की अस्थियों का ढेर देख कर राम ने "निसिचरहीन करौं महि" का प्रण लिया था।

रावण लंका में था, उसकी सेना का एक बड़ा भाग गोदावरी के तट पर जनस्थाान में था। पूर्व में सीरध्वहज जनक की मिथिला में ताड़का अपनी सेना को ले कर डेरा डाले हुए थी। वे लोग योजनाबद्ध रूप से पूरे भारत में नीचे से ऊपर की ओर बढ़ रहे थे। राम ने उनके उन तीनों स्कंधावारों पर आक्रमण किया थाऔर अंतत: लंका ध्वऊस्त की थी। तो फिर आज का बुद्धिजीवीआज का साहित्यनकार यह कैसे न देखे कि हमारी सीमाओं पर पाकिस्तारन और चीन की सेनाएं सन्नेद्ध खड़ी हैं। कश्मीवरउत्तरपूर्व, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, बंगाल, उड़ीसा, महाराष्ट्रत और आंध्रप्रदेश के विभिन्ने क्षेत्रों में ताड़कावन बने हुए हैं और देशी-विदेशी शत्रु भारत को नष्ट करने के लिए प्रयत्नतशील हैं। व्यहक्तिगत रूप से मेरा संबंध उन क्षेत्रों से हो या न हो,किंतु देश की समग्रता मुझ से मांग करती है कि अपने पाठकों को जागरूक किया जाए। बाहर के इस संसार और मेरे मानसिक संसार में यदि बिंब-प्रतिबिंब भाव स्थांपित हो जाता है तो काल का भेद मिट जाता है। वह विषय मुझे चुन लेता है। उन पात्रों के साथ मेरा तादात्म्बस□ होता है। मेरे उपन्याहसों में वह काल उतर आता है।

